बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-357
17/07/2020

मुख्यमंत्री ने कोविड–19 के मद्देनजर किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की

- कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले पर मुख्यमंत्री का निर्देश– वैसे मरीज जिनमें कोरोना संक्रमण के लक्षण हैं, उन्हें किसी भी निर्धारित स्वास्थ्य संस्थान पर अपनी जांच कराने की सुविधा दी जाय। इसके लिये स्वास्थ्य विभाग सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करे।

- पटना में इस तरह की व्यवस्था अविलंब प्रारंभ हो। इसके संबंध में विज्ञापन एवं अन्य माध्यमों से भी लोगों को यह सूचना दी जाय कि कहां पर और किस प्रकार से जॉच की यह व्यवस्था की जा रही है।

- एंटीजन टेस्ट की व्यवस्था का विस्तार सुनिश्चित किया जाय ताकि जॉच के कार्य में तेजी आ सके।

- होम आइसोलेशन में रहने वाले लोगों की लगातार मॉनिटरिंग की जाय, उन्हें किसी प्रकार की चिकित्सा सुविधा की जरूरत होने पर अविलंब सुविधा उपलब्ध करायी जाय। उनका मनोबल भी लगातार बनाये रखने की जरूरत है।

- लोग धैर्य रखें, सचेत रहें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें और घर से बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग अवश्य करें।

पटना, 17 जुलाई 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्य सचिव के साथ कोविड–19 से बचाव के लिये किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वैसे मरीज जिनमें कोरोना संक्रमण के लक्षण हैं, उन्हें किसी भी निर्धारित स्वास्थ्य संस्थान पर अपनी जांच कराने की सुविधा दी जाय। इसके

लिये स्वास्थ्य विभाग सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि पटना में इस तरह की व्यवस्था अविलंब प्रारंभ हो। इसके संबंध में विज्ञापन एवं अन्य माध्यमों से भी लोगों को यह सूचना दी जाय कि कहां पर और किस प्रकार से जॉच की यह व्यवस्था की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि एंटीजन टेस्ट की व्यवस्था का विस्तार सुनिश्चित किया जाय ताकि जॉच के कार्य एवं रिपोर्ट आने में और तेजी आ सके। उन्होंने कहा कि होम आइसोलेशन में रहने वाले लोगों की लगातार मॉनिटरिंग की जाय, उन्हें किसी प्रकार की चिकित्सा सुविधा की जरूरत होने पर अविलंब सुविधा उपलब्ध करायी जाय। उनका मनोबल भी लगातार बनाये रखने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने अपील की है कि लोग धैर्य रखें, सचेत रहें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। अत्यंत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें और घर से बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग अवश्य करें।

******